महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
एवं
राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय

समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ -226007

वेब-साइट: www.basiceducation.up.gov.in, ई-मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-4024440, 2780384, 2781128

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

निपुण भारत

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
समस्त जनपद, उ0प्र0।

पत्रांकः गुण0वि0/आई0सी0टी0 लैब रिकरिंग/ 850/ /2025–26 दिनांक 04.02.2026

विषयः **समग्र शिक्षा के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों तथा ब्लॉक संसाधन केन्द्रों पर स्थापित स्मार्ट क्लास एवं आई0सी0टी0 लैब के संचालन हेतु आवर्ती ग्राण्ट का प्रेषण।**

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2022–23 में प्राप्त अनुमोदन के कम में 18381 परिषदीय उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेज तथा 880 ब्लॉक संसाधन केन्द्रों में आई0सी0टी0 लैब की स्थापना की गयी है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 में 4688 परिषदीय उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आई0सी0टी0 लैब की स्थापना की गयी है। तत्संबंधी परियोजनाओं की वर्षवार सूची डैशबोर्ड https://lookerstudio.google.com/s/thPCo59KLA4 से प्राप्त की जा सकती है। प्रदेश के चयनित परिषदीय उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्थापित कराये जा रहे स्मार्ट क्लास, आई0सी0टी0 लैब एवं डिजिटल लाइब्रेरी की सुरक्षा, रख–रखाव एवं कक्षा–शिक्षण में उपयोग के संबंध में शासनादेश संख्या–I/1023238/2025, 68–5099/353/2025 अनुभाग–5 दिनांक 14 जुलाई, 2025 द्वारा विस्तृत निर्देश प्रेषित किये गये हैं।

2– वित्तीय वर्ष 2022–23 में परिषदीय उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्थापित कराये गये 18381 स्मार्ट क्लासेज एवं 880 ब्लॉक संसाधन केन्द्रों में स्थापित किये गये आई0सी0टी0 लैब तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में 4688 परिषदीय उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्थापित कराये गये आई0सी0टी0 लैब में आपूर्तिकर्ता संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराये गये **उपकरणों की सूची संलग्न हैं (संलग्नक 1 से 3)।**

3– शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **समग्र शिक्षा** की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2025–26 में **आवर्ती मद** में प्रदत्त स्वीकृति के कम में पूर्व में उपलब्ध करायी गयी सामग्री के अतिरिक्त सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में स्वीकृत 18381 स्मार्ट क्लासेज, 880 ब्लॉक संसाधन केन्द्रों में आई0सी0टी0 लैब तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में 4688 परिषदीय उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आई0सी0टी0 लैब के सुदृढ़ीकरण के दृष्टिगत तथा सुचारू संचालन एवं समुचित प्रयोग, रख–रखाव तथा शिक्षण एवं अधिगम प्रकिया को सुगम व सुरूचिपूर्ण बनाये जाने हेतु **चयनित विद्यालयों तथा ब्लॉक संसाधन केन्द्र के उपयोगार्थ** निम्नांकित विवरणानुसार सामग्री के कय हेतु अतिरिक्त व्यवस्था की अनुमति प्रदान की जा रही है :–

तालिका–1

ICT Lab at BRC

S.no	Item	Description	Estimated budget
1	Invertor for Power back-up	02 KVA invertor with 02 units 150 AH or higher tubular batteries	₹ 38,000/-
2	Stabilizer	Minimum 05 KVA Stabilizer to safeguard the setup from low voltage and power fluctuations	₹ 11,000/-
3	Printer	Multi - function Printer for ICT Lab	₹ 33,500/-

4	Diesel for Gen-sets	Diesel fuel for Gen set to ensure smooth functioning of ICT labs (@ ₹ 2000/- Per Month, January 2026 to March 2026)	₹ 6,000/-
5	Lab log book, register, stationary,	Lab log books and registers, stationary to keep the records of ICT lab	₹ 5,000/-
6	Minor Maintenance and repair of ICT lab etc.	Minor Maintenance, security and repair of ICT lab etc for smooth functioning and up keeping of ICT lab	₹ 5,000/-
7	Hard disk	1 TB Portable hard disk	₹ 5, 000/-
8	Furniture with Almirah	Table, Chair, and Almirah for ICT Lab operation	₹ 30,000/-
9	Training	Training of teachers, school heads and administrators on use of ICT in subject teaching. [NEP Para 24.3] (@ ₹ 500/- Per Month, January 2026 to March 2026)	₹ 1,500/-
		Total	**₹ 1,35,000/-**

Note- a. These are only indicative. Districts/BRCs may decide items/materials to spend subject to overall upper limit.

b. Invertor for Power back-up , Stabilizer & Printer के क्रय हेतु स्पेसिफिकेशन्स संलग्न हैं (संलग्नक–4)।

तालिका–2

विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास के उपयोगार्थ क्रय की जाने वाली सामग्री हेतु बजट विवरण

S.no	Project	Item	Description	Estimated budget
1	Smart Class	Invertor for Power back-up	02 KVA invertor with 02 Units of 100 AH or higher tubular batteries	₹ 32,000/-
2		Stabilizer	Minimum 03 KVA Stabilizer to safeguard the setup from low voltage and power fluctuations	₹ 6,000/-
			Total	**₹ 38,000/-**

Note- a. These are only indicative. Districts/SMCs may decide to spend subject to overall upper limit.

b .Invertor for Power back-up & Stabilizer के क्रय हेतु स्पेसिफिकेशन्स संलग्न हैं (संलग्नक–5)।

तालिका–3

विद्यालयों में स्थापित आई0सी0टी0 लैब के उपयोगार्थ क्रय की जाने वाली सामग्री हेतु बजट विवरण

S.no	Item	Description	Estimated budget
1	Invertor for Power back-up	02 KVA invertor with 02 units 150 AH or higher tubular batteries	₹ 38,000/-
2	Stabilizer	Minimum 05 KVA Stabilizer to safeguard the setup from low voltage and power fluctuations	₹ 11,000/-
3	Printer	Multi - function Printer for ICT Lab	₹ 33,500/-
4	Internet Broad Band	Internet broad band with 30 MBPS monthly unlimited data usage. (@ ₹ 1000/- Per Month, January 2026 to March 2026)	₹ 3,000/-
5	Hard disk	1 TB Portable hard disk	₹ 5,000/-
6	Lab log book, register, stationary, Cartridge etc	Lab log books and registers, stationary to keep the records and use of ICT lab	₹ 8,000/-
7	Minor Maintenance and repair of ICT lab	Minor Maintenance, security and repair of ICT lab etc for smooth	₹ 5,000/-

	etc	functioning and upkeeping of ICT lab	
8	Furniture with Almirah	Table, Chair, and Almirah for ICT Lab operation	₹ 30,000/-
9	Training	Training of teachers, school heads and administrators on use of ICT in subject teaching. [NEP Para 24.3] (@ ₹ 500/- Per Month, January 2026 to March 2026)	₹ 1,500/-
Total			**₹ 1,35,000/-**

Note- a. These are only indicative. Districts/SMCs may decide items/materials to spend subject to overall upper limit.

b. **Invertor for Power back-up , Stabilizer & Printer के कय हेतु स्पेसिफिकेशन्स संलग्न हैं (संलग्नक–4)**

c. उपर्युक्त तालिका–1 तथा तालिका–3 के कमांक–9 में उल्लिखित प्रशिक्षण संबंधी धनराशि ब्लॉक संसाधन केन्द्र स्तर पर हस्तान्तरित की जायेगी।

d. तालिका–2 तथा तालिका–3 (कमांक–9 को छोड़कर) में अंकित समस्त सामग्री के कय हेतु धनराशि एस0एम0सी0 स्तर पर हस्तान्तरित की जायेगी।

4– <u>वित्तीय निर्देश</u>

1) समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2025–26 में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निम्नांकित मदों में स्वीकृत धनराशि में से जनपदों को निम्नांकित विवरणानुसार कुल धनराशि **रू0 14501.58 लाख (रूपये एक सौ पैंतालिस करोड़ एक लाख अट्ठावन हजार मात्र)** की लिमिट उपर्युक्त तालिका–1, तालिका–2 तथा तालिका–3 में उल्लिखित विवरणानुसार सामग्री के कय/प्रशिक्षण हेतु जारी की जा रही है :–

<u>तालिका–4</u>

S.No.	Name of Head in AWP&B 2025-26	Phy.	Released Amount (Rs. in lakh)	Amount released for
1.	ICT Lab to BRCs (Recurring) (@ Rs. 1,35,000/- per Block)	880	1188.00	BRC Level
2.	Smart Classroom (Recurring) (Type-II) (Elementary) (Existing) (@ Rs. 38,000/- per School)	18381	6984.78	SMC Level
3.	Recurring Cost (ICT & Digital Initiatives) (Option-I) (Existing) (@ Rs. 1,35,000/- per School)	4688	6258.48	SMC Level
			70.32	BRC Level
Sub- Total			**6328.80**	--
Total			**14501.58**	

तत्संबंधी जनपदवार सूची (संलग्नक–6, 7 एवं 8 के अनुसार) संलग्न है।

2) तालिका–1 में उल्लिखित सामग्री/विवरण के अनुसार व्यय हेतु धनराशि (रू0 1188.00 लाख) की लिमिट ब्लॉक संसाधन केन्द्र के लिये जारी की जा रही है।

3) तालिका–2 में उल्लिखित सामग्री/विवरण के अनुसार व्यय हेतु धनराशि रू0 6984.78 लाख की लिमिट एस0एम0सी0 स्तर से व्यय किये जाने के लिये जारी की जा रही है।

4) तालिका–3 में कम संख्या 1–8 पर उल्लिखित सामग्री/विवरण के अनुसार व्यय हेतु धनराशि रू0 6258.48 लाख की लिमिट एस0एम0सी0 तथा कम संख्या–9 पर उल्लिखित (प्रशिक्षण संबंधी) धनराशि रू0 70.32 लाख की लिमिट ब्लॉक संसाधन केन्द्र स्तर के लिये जारी की जा रही है।

5) प्रेषित की जा रही धनराशि प्रत्येक दशा में 03 दिवस के अन्दर ब्लॉक संसाधन केन्द्र एवं एस0एम0सी0 स्तर पर हस्तान्तरित की जायेगी।

6) प्रेषित की जा रही धनराशि का आहरण, खातों का रख–रखाव एवं व्यय प्रक्रिया सम्बन्धी समस्त कार्यवाही मैनुअल ऑन फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट एण्ड प्रोक्योरमेंट–2024 के प्राविधानों एवं सुसंगत शासनादेशों, वित्तीय निर्देशों तथा GeM के सुसंगत शासनादेशों के अनुसार सम्पन्न की जायेगी।

7) उक्त धनराशि राजस्व मद के अन्तर्गत निर्गत की जा रही है। अवमुक्त धनराशि का व्यय वित्तीय नियमानुसार वित्तीय वर्ष 2025–26 में सुनिश्चित किया जायेगा। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् उक्त मद में किसी भी देयता को स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा देयता सृजित करने के संबंध में संबंधित का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगा।

8) क्रय की जाने वाली उक्त सामग्री के क्रय से संबंधित बिल वाउचर्स यथास्थिति बी0आर0सी0/विद्यालय में संरक्षित रखे जायेंगे तथा नियमानुसार आन्तरिक एवं वैधानिक सम्प्रेक्षण के समय प्रस्तुत किये जायेंगे।

9) जिस मद में धनराशि स्वीकृत की जा रही है, उसी मद में व्यय की जायेगी। मद विचलन मान्य नहीं होगा।

10) सामग्री के क्रय हेतु प्रेषित की जा रही धनराशि का अद्यावधिक व्यय–विवरण **दिनांक 15 मार्च, 2026 तक** प्रबन्ध पोर्टल पर तालिका–4 में उल्लिखित मदों में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाये।

5– <u>अनुश्रवण एवं अभिलेखीकरण</u>

1. परिषदीय उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्थापित किये जा रहे स्मार्ट क्लास **लर्निंग मैनेजमेण्ट सिस्टम (LMS) एवं शैक्षणिक कंटेण्ट से युक्त** हैं। **राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा डैशबोर्ड के माध्यम से स्मार्ट क्लास के प्रयोग तथा उपयोग किये जा रहे शैक्षणिक सामग्री का विद्यालयवार, विकासखण्डवार एवं जनपदवार डेटा आधारित अनुश्रवण एवं ट्रैकिंग की जायेगी।** उक्त के संबंध में स्मार्ट क्लासेज की दैनिक Utilization Report जनपद स्तर पर NBDIUP पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

2. स्मार्ट क्लास एवं आई0सी0टी0 लैब के माध्यम से शिक्षकों/अनुदेशक (कम्प्यूटर शिक्षा) के पर्यवेक्षण में छात्र–छात्राओं को बेसिक कम्प्यूटर संचालन का अभ्यास कराया जाये तथा डिजिटल कन्टेण्ट्स के उपयोग से छात्र–छात्राओं में सभी विषयों से संबंधित मूल अवधारणाओं की समझ विकसित की जाये।

3. ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर स्थापित किये गये आई0सी0टी0 लैब के प्रयोग हेतु बी0आर0सी0 प्रांगण का विद्यालय/निकटस्थ विद्यालय के कक्षा 6 से 8 के 14–14 बच्चों का रोस्टर इस प्रकार तैयार किया जाये, जिससे कि प्रत्येक दिवस छात्र–छात्राओं को अभ्यास के समुचित अवसर उपलब्ध हो सकें।

4. बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठकों में 'निपुण भारत मिशन', कायाकल्प तथा अन्य प्राथमिकता संबंधी बिन्दुओं के साथ ही डिजिटल उपकरणों के माध्यम से विद्यालयों में प्रभावी कक्षा–शिक्षण की समीक्षा की जाये तथा सर्वसंबंधित को प्रभावी कक्षा–शिक्षण हेतु प्रेरित एवं प्रोत्सहित किया जाये।

5. ब्लॉक संसाधन केन्द्र एवं विद्यालयों में स्थापित कराये गये आई0सी0टी0 लैब के प्रयोग के संबंध में संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों का ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर माह–जनवरी से मार्च, 2026 में 01 दिवसीय प्रशिक्षण कराया जायेगा।

6. ब्लॉक संसाधन केन्द्र एवं विद्यालय स्तर पर स्मार्ट क्लास एवं आई0सी0टी0 लैब के उपयोगार्थ क्रय की जाने वाली सामग्री का अभिलेखीकरण किया जाये।

7. विभागीय अधिकारियों द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण तथा एस0आर0जी0, ए0आर0पी0 एवं डायट मेण्टर्स द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के समय स्मार्ट क्लासेज एवं आई0सी0टी0 लैब का कक्षा–शिक्षण में प्रयोग सुनिश्चित कराया जाये तथा आवश्यकतानुसार हैण्डहोल्डिंग भी की जाये।

8. शिक्षक संकुल बैठकों में तकनीकी रूप से दक्ष शिक्षकों, कम्प्यूटर शिक्षा के अनुदेशकों द्वारा डिजिटल संसाधनों एवं तत्संबंधी शैक्षणिक सामग्री के प्रयोग के संबंध में डेमो किया जाये।

9. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) द्वारा अपने मण्डल के जनपदों का निरन्तर अनुश्रवण करते हुये निर्देशानुसार समयान्तर्गत समस्त कार्यवाही पूर्ण करायी जाये।

10. डिजिटल संसाधनों के माध्यम से कक्षा–शिक्षण से संबंधित बेस्ट प्रैक्टिसेज, सक्सेस स्टोरी एवं नवाचार, हाई रिजोल्यूशन फोटोग्राफ्स तथा लघु वीडियो समय–समय पर राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराये जायें।

कृपया उपर्युक्त निर्देशानुसार सामग्री कय संबंधी कार्यवाही पारदर्शी प्रणाली अपनाते हुये आगामी 01 माह में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाये।

संलग्नकः–उक्तवत्।

भवदीया,

(मोनिका रानी)
राज्य परियोजना निदेशक

पृ0सं0: **गुण0वि0/आई0सी0टी0 लैब रिकरिंग/** 850/ **/2025–26** तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला शिक्षा परियोजना समिति, समस्त जनपद, उ0प्र0।
3. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उ0प्र0।
4. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0।
5. निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0, उ0प्र0।
6. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उ0प्र0।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), समस्त मण्डल, उ0प्र0।
8. खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखण्ड, उ0प्र0।
9. जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), जिला परियोजना कार्यालय, समस्त जनपद, उ0प्र0।

(मोनिका रानी)
राज्य परियोजना निदेशक